**Nai Dunia (Indore), 04th December 2015, Page – 02**

# आईआईटी इंदौर कैम्पस हुआ कैश-लेस, नगद पैसा रखने की झंझट खत्म

**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी इंदौर) का सिमरोल स्थित नया कैम्पस पूरी तरह कैश-लेस हो गया है। छात्रों को कैम्पस की किसी भी सुविधा का उपयोग करने पर नगद पैसा देने की जरूरत नहीं होगी। कैम्पस में शुरू हुई स्मार्ट कार्ड सुविधा के तहत छात्रों को लाइब्रेरी, कैंटीन, बस, पार्किंग, लैब, डिस्पेंसरी सहित कई सुविधाएं एक कार्ड दिखाकर ले सकते हैं।**

indore@inext.co.in

**INDORE (3 Dec. ):** आईआईटी इंदौर देश का दूसरा संस्थान बन गया है, जहां 500 एकड़ के दायरे में कुछ भी सुविधाएं लेने के लिए नगद पैसा देने की जरूरत नहीं है। आईआईटी ने अपने सिमरोल स्थित स्थाई कैम्पस में आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस सिस्टम लगा दिए हैं। इससे लाइब्रेरी, पार्किंग, लैब, बस सहित 10 तरह की सुविधाएं छात्र एक कार्ड पर ले सकते हैं। बड़ी बात यह है कि जिन छात्रों के पास एटीएम कार्ड नहीं है, उन्हें भी इसका फायदा मिल सकेगा। एक तरह से संस्थान के 500 से ज्यादा छात्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों को अब पॉकेट में नगद पैसा रखने की जरूरत खत्म हो गई है।

## छात्रों के ही हाथों में होगी स्मार्ट कार्ड की पूरी कमांड

आईआईटी ने कुछ कंपनियों से समझौता कर स्मार्ट कार्ड सुविधा शुरू की है। देश में इंदौर आईआईटी दूसरे नंबर का कैम्पस बन गया है, जहां इंटरनेशनल संस्थानों के अनुसार छात्रों को आधुनिक सुविधाएं मिलना शुरू हो गई हैं। स्मार्ट कार्ड में मोबाइल रिचार्ज की तरह छात्र खुद ही ऑनलाइन बैंकिंग से पैसा ट्रांसफर कर सकेंगे। स्मार्ट कार्ड में पैसा खत्म होने पर यह भी सुविधा रहेगी कि छात्र आपस में एक-दूसरे को बैलेंस ट्रांसफर कर सकेंगे।

## जल्द ही स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम भी

आईआईटी के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही कैम्पस में प्रवेश करने के लिए भी स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम लगाया जाएगा। इससे बाहरी छात्रों की पहचान कैम्पस में प्रवेश करते ही हो जाएगी।

## कार्ड दिखाने पर ही पार्किंग से गाड़ी ले जा पाएंगे

स्मार्ट कार्ड को सुरक्षा से भी जोड़ दिया गया है। आईआईटी कैम्पस की पार्किंग में छात्रों की गाड़ियां सुरक्षित रहें, इसके लिए स्मार्ट कार्ड दिखाने पर ही गाड़ी ले जा सकेंगे। पार्किंग से कार्ड के द्वारा गाड़ी आने-जाने से आईआईटी के पास छात्रों की हर एक जानकारी होगी। पार्किंग से ही पता लग जाएगा कि छात्र कितनी बार और कब कैम्पस से बाहर गए।

### मिलेंगी ये सुविधाएं

- लाइब्रेरी बुक्स
- लैब
- कैंटीन
- प्रिंटिंग, फोटोकॉपी
- पार्किंग
- बस
- डिस्पेंसरी
- लाइब्रेरी फीस
- ट्यूशन फीस
- अटेंडेंस

> “स्मार्ट कार्ड सुविधा से छात्रों को 500 एकड़ के कैम्पस में कहीं भी, कोई भी सुविधा उपयोग करने के लिए नगद पैसे देने की जरूरत नहीं होगी। कार्ड को छात्र खुद रिजार्च कर लाइब्रेरी, पार्किंग और कैंटीन जैसी जगहों पर उपयोग कर सकेंगे।
>
> -डॉ. निर्मला मेनन, पीआरओ, आईआईटी इंदौर

## The other side

### उपस्थिति भी कार्ड से ही होगी दर्ज

एक ही स्मार्ट कार्ड से आईआईटी के छात्रों को जरूरी सुविधाएं तो मिल ही सकेगी अटेंडेंस भी कार्ड से ही लगेगी। छात्र कितने दिन, कितने घंटे किस क्लास में बैठे, इसका पूरा ब्यौरा स्मार्ट कार्ड के जरिए आईआईटी को मिलेगा। इससे मैन्युअल प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी।